श्री बंशीधर नगर, सोमवार
17.02.2025
फाल्गुन कृष्णपक्ष पंचमी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 174

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:34 बजे
अस्त - 05:44 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 31 डिग्री से.
न्यूनतम : 14 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
रोजगार के बढ़ेंगे अवसर >> पेज 03
शाहिद कपूर का अविस्मरणीय प्रदर्शन >> पेज 04

**सुविचार**

यदि हमें इस संसार के दुखों से छुटकारा पाना है तो हमें ही रास्ता खोजना होगा

**न्यूज अपडेट्स**

### कर्नाटक में 21 मार्च से होगी संघ की प्रतिनिधि सभा की बैठक

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक 21 से 23 मार्च को बेंगलुरू के चेलनड्डी में होगी। इस बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सबसे बडी नीति निर्धारक समिति है। संघ प्रतिवर्ष देश के विभिन्न प्रांतों में प्रतिनिधि सभा की बैठक आयोजित करता है। इस बार यह बैठक बेंगलुरू के चेलनड्डी में 21 मार्च से 23 मार्च तक होगी। जानकारी के अनुसार बेंगलुरु के चेलनड्डी में आयोजित बैठक में संघ शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। इस साल विजयादशमी को संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो जाएंगे। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कार्य योजना को लेकर चर्चा और विभिन्न मुद्दों पर विचार-मंथन होगा। साथ ही बैठक में 2025-26 में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा और फ्रेम तय किया जाएगा। इसमें संघ के विस्तार और दृढ़ीकरण के लिहाज से रूपरेखा तैयार किया जाएगा।

**हादसा** सामने आई रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की वजह, इस एलान से बिगड़ गये हालात

# दो ट्रेन लेट, फिर एक विशेष ट्रेन की हुई घोषणा, और मची भगदड़





**नयी दिल्ली :** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार की रात दर्दनाक हादसा हुआ। स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ने से भगदड़ मच गई। हादसे में 18 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक घायल हो गए हैं।
प्रयागराज की ट्रेन पकड़ने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की उमड़ी भारी भीड़ की वजह से भगदड़ मच गई। इससे 18 लोगों की मौत हो गई। शनिवार रात करीब दस बजे मची भगदड़ में 20 से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
शनिवार-रविवार की छुट्टी के चलते महाकुंभ में जाने के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचने से स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। भीड़ को काबू करने के लिए पर्याप्त अमला न होने से हालात बेकाबू हो गए। भीड़ एक-दूसरे पर चढ़ने लगी।

### हादसे की उच्चस्तरीय जांच के आदेश

लोकनायक अस्पताल में आपातकालीन विभाग की प्रमुख डॉ. ऋतु सक्सेना ने 15 लोगों की मौत की पुष्टि की है। मृतकों में 11 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। दो की मौत लेडी हार्डिंग अस्पताल में हुई। रेलवे ने हादसे की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। एक की मौत देर रात और हुई है।
एनडीआरएफ की टीम भी राहत के लिए स्टेशन पहुंच गई। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि पूरी टीम प्रभावितों की मदद में जुटी है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि शनिवार रात 9:55 बजे प्लेटफॉर्म नंबर 14-15 पर भगदड़ की सूचना मिली थी। चार गाड़ियों समेत स्टाफ को मौके पर भेजा गया।

### 'भीड़ संभाल नहीं पाया प्लेटफॉर्म और भगदड़ मच गई

प्रयागराज जा रहे एक श्रद्धालु ने बताया कि प्लेटफॉर्म नंबर 12 पर शिवगंगा एक्सप्रेस जा रही थी। गाड़ी के जाते ही सारी भीड़ प्लेटफॉर्म 14 15 पर आ गई। प्रयागराज की ज्यादातर ट्रेनें यहीं से जा रही हैं। प्लेटफॉर्म भीड़ संभाल नहीं पाया और भगदड़ मच गई।

### ओवरब्रिज एवं सीढ़ियों पर भीड़ बढ़ी

भीड़ एस्क्लेटर और स्टेशन के दरवाजों की ओर भागी। इससे ओवरब्रिज एवं सीढ़ियों पर भीड़ बढ़ गई। वहीं, रेलवे प्रशासन का कहना है कि प्लेटफॉर्म नंबर-14 पर प्रयागराज एक्सप्रेस खड़ी थी। वहां भारी भीड़ जुटी थी। स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस भी देरी से चल रही थी।

### लोगों की भीड़ अधिक थी

उसके यात्री प्लेटफॉर्म नंबर 12-13 और 14 पर मौजूद थे। लोगों की भीड़ अधिक थी। बिहार के राजकुमार माझी ने बताया कि वह अपनी पत्नी-बेटी और बेटे के साथ नवादा जिला जा रहे थे। माझी ने बताया, उसकी पत्नी शांति देवी और बेटी पूजा की इस भगदड़ में मौत हुई है। बेटा मिल नहीं रहा। वहीं, पटना के पप्पू ने बताया, हादसे में उन्होंने अपनी मां को गवां दिया है।



### दो ट्रेन लेट फिर एक विशेष ट्रेन की हुई घोषणा

रेलवे पुलिस उपायुक्त केपीएस मल्होत्रा ने बताया है कि महज 15-20 मिनट के भीतर रेलवे स्टेशन पर भीड़ बढ़ गई। प्रयागराज जाने वाली दो ट्रेन पहले से लेट चल रही थी। इस बीच प्रयागराज जाने के लिए एक विशेष ट्रेन का एलान किया गया। इसी दौरान भीड़ ट्रेन में सवार होने के लिए प्लेटफार्म नंबर 14 से 16 की तरफ भागने लगे। इससे भगदड़ मच गई और हादसा हो गया। जब तक स्थिति को काबू किया गया तब तक कई की जान चली गई थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि प्लेटफॉर्म बदलने से हादसा हुआ।

### स्टेशन पर क्यों और कैसे हुआ हादसा

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने कहा कि कल जब यह दुखद घटना घटी, उस समय पटना की ओर जाने वाली मगध एक्सप्रेस नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर खड़ी थी और जम्मू की ओर जाने वाली उत्तर संपर्क क्रांति प्लेटफॉर्म नंबर 15 पर खड़ी थी। इस दौरान प्लेटफॉर्म 14-15 की ओर आ रहा एक यात्री सीढ़ियों पर फिसल कर गिर गया और उसके पीछे खड़े कई यात्री इसकी चपेट में आ गए और यह दुखद घटना घटी। इसकी उच्च स्तरीय समिति द्वारा जांच की जा रही है।

### हर घंटे बेचे जा रहे थे पंद्रह सौ टिकट

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि हर घंटे रेलवे स्टेशन पर 1500 टिकट बेचे जा रहे थे। उम्मीद से ज्यादा भीड़ पहुंचने से स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई और भगदड़ मच गई।

**महाकुम्भ में 26 लाख से अधिक रुद्री पाठ मंत्रोच्चार कर बनाए गए रिकॉर्ड**

# 33 दिन तक रुद्री पाठ संहिता का हुआ 11,151 बार पाठन

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज महाकुम्भ मेला में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के प्रकल्प दिव्य ज्योति वेद मंदिर ने एशिया और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज कर इतिहास रच दिया है। यह रिकॉर्ड शिविर में 504 ब्रह्मज्ञान में दीक्षित वेदपाठियों के नॉन-स्टॉप 33 दिवस-रात्रि तक रुद्री संहिता का पाठन कर बनाया गया। एशिया और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के आधिकारिक निर्णायक प्रमिल द्विवेदी ने दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के अध्यक्ष, स्वामी आदित्यानंद और सचिव,



स्वामी नरेंद्रानंद को रविवार को रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट प्रदान किया। इस सुअवसर पर आज अपने विचार साझा करते हुए द्विवेदी ने कहा, संस्थान की वैदिक मंत्रोच्चार की यह पहल सराहनीय है। आज दिव्य ज्योति वेद मंदिर को दो रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया है। जिस शुद्ध उच्चारण एवं निःस्वार्थ भावना से इन वेदपाठियों ने यह असाधारण एवं ऐतिहासिक रिकॉर्ड को स्थापित किया हैं। मुझे विश्वास है कि यह भारतीय वैदिक संस्कृति को पोषित एवं पल्लवित करने में अपनी अग्रणीय भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि 14 जनवरी, 2025 को प्रातः 3:00 बजे से प्रारंभ हुए इस रुद्रिपाठ का 16 फरवरी 2025 प्रातः 4:00 बजे समापन हुआ। इस रिकॉर्ड में कुल 566 ब्रह्मज्ञानी वेदपाठियों द्वारा शुक्ल यजुर्वेद से रुद्राष्टाध्यायी संहिता (रुद्री पाठ) का 11,151 बार पाठन किया गया जिसमें कुल 26,42,409 मंत्रों का जाप 794 घण्टों तक हुआ। रिकॉर्ड में सम्मिलित सभी वेदपाठी दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य-शिष्याएं हैं जो देश-विदेश से संस्थान के महाकुम्भ के सेक्टर 9 के शिविर में पधारे थे। दिव्य ज्योति वेद मंदिर की इंचार्ज, साध्वी दीपा भारती ने कहा, संस्थान को इस बात पर गर्व है कि वह ऐसी असाधारण पहल करने वाला पहला आध्यात्मिक संगठन है लेकिन यह उपलब्धि सिर्फ. रिकॉर्ड बनाने के बारे में नहीं है अपितु वैदिक मंत्रोच्चार के माध्यम से प्रत्येक हृदय में शांति और एकता की भावना को जगाना ही हमारा परम लक्ष्य है। दिव्य ज्योति वेद मंदिर द्वारा आयोजित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (डीजेजेएस) सेक्टर-9 में एक परियोजना के शिविर में इस पवित्र तप कर्म रिले के लिए 504 ब्रह्मज्ञानी वैदिक विद्वानों को एक साथ लाया। जिन्होंने 792 घंटों तक लगातार जाप किया। इसमें कुल 25,61,328 वैदिक मंत्र शामिल हैं, जिसमें शुक्ल यजुर्वेदीय रुद्र अष्टाध्यायी पाठ के 11,151 प्रतिपादन शामिल हैं। यह ऐतिहासिक उपलब्धि 14 जनवरी 2025 को सुबह 3 बजे शुरू हुई और 16 फरवरी 2025 को 4 बजे समाप्त हुई।

### कुम्भ : मां गंगा से देशवासियों के आरोग्य एवं सुख-समृद्धि की प्रार्थना की : गडकरी





**महाकुम्भ नगर।** आस्था, आध्यात्म और सनातन परम्परा के अद्भुत समागम एवं भारतीय संस्कृति और परंपराओं के अनवरत प्रवाह महाकुम्भ में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान रविवार को प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने मां गंगा, मां यमुना एवं अन्त:सलिला सरस्वती की पावन त्रिवेणी संगम में सपरिवार आस्था की डुबकी लगाई। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया एक्स पर 'प्रयागराज, हर-हर गंगे! लिखकर दिव्य एवं भव्य महाकुम्भ को याद किया है। उन्होंने लिखा है कि 'मैं आज पवित्र संगम में स्नान और पूजा-अर्चना का सौभाग्य प्राप्त हुआ! पवित्र, निर्मल मां गंगा का आशीर्वाद मिला। मैं मां गंगा से समस्त देशवासियों के आरोग्य एवं सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इसके पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रयागराज हवाई अड्डे पर पहुंचने पर उनका स्वागत किया।



# सतबहिनी झरना तीर्थ में चल रहे मानस महायज्ञ में उमड़ रहे श्रद्धालु

**बंशीधर न्यूज**

**कांडी :** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में मानस महायज्ञ की रजत जयंती समारोह के मौके पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। अहले सुबह से लोग यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने लगते हैं। जबकि सतबहिनी भगवती माता महादुर्गा, महालक्ष्मी, महाकाली, भैया भैरवनाथ, साक्षी गणेश, भगवान भास्कर, बजरंगबली, भगवान शिव, नंदी महाराज के मंदिरों एवं सतबहिनी झरना तीर्थ में ब्रह्मलीन बाबा श्याम दास की रहस्यमई सात मंजिली साधना सह समाधि गुफा में दर्शन पूजन करने वालों का सुबह से शाम तक तांता लग रहा है। तीसरे दिन के प्रवचन सत्र में चित्रकूट से पधारीं मानस की उद्भट्ट विद्वान श्रीमती राजकुमारी देवी ने भगवान श्री राम के जन्म का बड़ा ही हृदय स्पर्शी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान के जन्म लेने के पूर्व जब प्रतिपदा तिथि से लेकर अष्टमी तिथि तक ने अपने-अपने तिथि का वर्णन करते हुये अपने तिथि में जन्म लेने का भगवान से आग्रह किया। अयोध्या से पधारे आचार्य अवधेंद्र प्रपन्नाचार्य व विद्या कुंड श्री राम धाम के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री महंत प्रेमशंकर दास जी महाराज ने भी ओजस्वी वाणी में श्री राम कथा कही। वहीं यज्ञ मंडप के निकट बनी हुई कुटिया में श्रीधाम वृंदावन से पधारे पंडित विनोद गौरव शास्त्री एवं उनकी टीम के द्वारा संगीतमय शैली में श्री रामचरित मानस का पारायण पाठ किया जा रहा है। सुमधुर शैली में प्रस्तुत पाठ को भी सुनने देखने के लिये लोगों की भीड़ जुट रही है। उधर मेले में सैकड़ो दुकानें सजी हैं जहां हजारों की संख्या में लोगों को खरीदारी करते देखा जा रहा है। समिति के पूर्व संयोजक एवं वर्तमान में सदस्य तथा स्थाई संचालक प्रियरंजन सिन्हा के एकलौते पुत्र युवा पत्रकार आशुतोष रंजन के निधन से पूरे जिले के लोग मर्माहत हैं। ऐसी स्थिति में महायज्ञ के लिये बाजा गाजा, रथ एवं विराट कलश यात्रा का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। इसलिये महायज्ञ में मायूसी देखी जा रही है।

## न्यूज अपडेट्स

### 21 वीं सदी में भी मुसहर समाज हाशिये पर : अविनाश देव

**मेदिनीनगर :** संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव ने कहा कि हमारा देश प्रगति पर है। चारों तरफ सड़कों का जाल बिछा हुआ है, किंतु मुसहरों के झोपड़ी तक कोई पहुंच पथ नहीं बन पाया है। समाज और घनी आबादी के बीच मुसहर परिवार रहता है, किंतु उसकी पढ़ाई तो दूर भाषा बोली भी प्राक युग का है। समाज विज्ञानी, भाषा शास्त्री, तकनीशियन सभी इंसान के बेहतर जीवन बनाने में रात-दिन प्रयोगशाला में पसीना बहा रहे हैं। अंडमान के जारवा जनजाति से भी अधिक दुर्दिन भरा जीवन यापन यहां का मुसहर जाति कर रहा है। तमाम समाज सुधारक के बावजूद मुसहर समाज की स्थिति नहीं सुधरी। सच पूछा जाय तो यह जाति आक्रामक जाति है, अगर मुसहर का दिमाग और ऊर्जा एक दिशा में लगा दिया जाय तो दुनिया की कोई ताकत इन मुसहरों का मुकाबल नहीं कर सकता है। सभी तरह के सभ्यताओं के विकास हुआ पर इनकी रहन-सहन, खानपान, पहनावा-ओढावा, भाषा-बोली, घर-मकान में कोई तब्दीली नहीं आई है। इसी चीज को बदलने के लिये राजीव सिंह जैसे एक क्रांतिकारी साथी आगे आये है। श्री देव रैदास जयंती के मौके पर मुसहर समाज के बच्चों के पढ़ने के लिये उत्प्रेरण केंद्र के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे। इसके पूर्व उन्होंने फीता काटकर केन्द्र का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रबुद्ध नागरिकों से मुसहर समाज के उत्थान और विकास के लिए आगे आने का आह्वान किया। कहा सरकार को भी ऐसे महादलितों के लिये स्पेशल कैंप कर इनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य करने को संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर निर्देशित करना चाहिये।

**जन्मदिन** ▶ पूर्व मंत्री के जन्मदिन पर कार्यकर्ता ने किया 32 यूनिट रक्तदान

# मिथिलेश ने सेवा का मिसाल कायम किया : झामुमो

### कार्यकर्ताओं ने केक काटकर की दीर्घायु होने की कामना

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** झारखंड के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के जन्मदिन के मौके पर गढ़वा में कार्यकताओं ने 31 यूनिट रक्तदान किया। 16 फरवरी को कार्यकताओं व समर्थकों ने पूर्व मंत्री श्री ठाकुर का काफी जोश खरोश के साथ जन्मदिन मनाया। पूर्व मंत्री के गढ़वा स्थित आवास पर कार्यकताओं ने केक काटकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। साथ ही आवास पर ही रक्तदान शिविर का आयोजन कर कार्यकताओं एवं समर्थकों ने 32 यूनिट रक्तदान भी किया। मौके पर झामुमो के



जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने सेवा का मिसाल कायम किया है। उन्होंने अपने कार्यकाल में विकास कार्यों का इतिहास रच दिया है। वे हमेशा गरीबों एवं जरूरतमंदों की सेवा में तत्पर रहते हैं। हम सभी कार्यकर्ता भी उनके सेवा कार्यों को हमेशा आगे बढ़ाने के लिये कृत संकल्पित हैं। सचिव मनोज ठाकुर ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान से बढ़कर दूसरा कोई भी दान नहीं है। पूर्व मंत्री के जन्मदिन पर कार्यकर्ता हमेशा अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करते हैं। साथ ही गरीबों की अन्य माध्यमों से भी सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री श्री ठाकुर जनता की सेवा में पहले भी समर्पित थे, आज भी समर्पित हैं और आगे भी आजीवन जन सेवा में समर्पित रहेंगे। पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने जनसेवा एवं विकास कार्यों का मिसाल पेश किया है। उनके जितना कार्य करने वाला दूसरा कोई जनप्रतिनिधि ना तो आज तक हुआ है और न ही आगे होने की उम्मीद है।

### रक्तदान करने वालों में

धीरज दुबे, इम्तियाज सिद्दीकी उर्फ मुन्ना, अंकुश सिंह, धीरज गुप्ता, हरिओम चौबे, आरिफ अंसारी, फैयाज अंसारी, मासूम खान, विवेक सिंह, तरेश कुमार सिंह, बबलू सिंह, अहमद रजा, चंदन जायसवाल, उमेश यादव, रेखा चौबे, शुभम गुप्ता, नैयर अंसारी, धनंजय यादव, छोटू कुमार, राजा सिंह (सौरव सिंह), अनिकेत सिंह, सुजाता सिंह, मयंक द्विवेदी, समीरा बीबी, प्रिंस सिंह, प्रियम सिंह, मुकुल कुमार, रवीन्द्र पासवान, ऋत्विक कुमार सिंह, मो जाफर खान, रौशन सिंह व अभिषेक मेहता के नाम शामिल हैं। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, नितेश सिंह, मिथिलेश झा, राजा सिंह, प्रियम, आशीष अग्रवाल, वंदना जायसवाल आदि उपस्थित थे।

# पलामू में प्रेमी प्रेमिका ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या



**रांची।** नाबालिग प्रेमिका ने शादी से इनकार किया तो प्रेमी ने घर से दस किलोमीटर दूर स्थित जंगल में फांसी लगाकर जान दे दिया। इधर सदमे को बर्दाशत नहीं कर पाई प्रेमिका ने भी घर से कुछ दूरी जंगल में फांसी लगाकर जान दे दी। प्रेमिका की शादी ठीक हो जाने से प्रेमी लड़का काफी नाराज चल रहा था। लड़की पर शादी का दबाव बना रहा था, लेकिन लड़की एक ही गांव के होने के कारण शादी करने से इन्कार कर गई थी, तो नाराज प्रेमी ने जान दे दी। मामला पलामू जिले के पाटन थाना अंतर्गत किसैनी के गोबरमारा टोला का है। जहां दो साल का प्रेम चढ़ा परवान ने दोनों की जान ले ली। पाटन पुलिस दो दिन पूर्व 14 फरवरी को नाबालिग प्रेमिका नीलम कुमारी 17 वर्ष पिता राजा सिंह का शव पेड़ से लटकते फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया था, वहीं प्रेमी जीतेंद्र सिंह 18 वर्ष पिता श्याम बिहारी सिंह बीते 13 फरवरी से बकरी चराने के बहाने घर से फरार था। पाटन पुलिस द्वारा काफी खोजबीन के बाद रविवार को घर से दस किलोमीटर की दूरी पर स्थित जंगल में शव पेड़ से लटका पाया गया। पाटन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। ऐसे मृतक जीतेंद्र के परिजन 14 फरवरी को पाटन थाना में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया था। जानकारी मिली कि कुछ दिनों पूर्व मृतक जीतेंद्र सिंह अपनी प्रेमिका को गांव के मंदिर में रात को बुलाकर शादी करने के लिए कसम खिला रहा था, जो लड़की शादी के लिए राजी नहीं हुई तो प्रेमी जीतेंद्र ने लड़की को उसी समय धमकी दी कि शादी नहीं करोगी तो हम फांसी लगाकर जान दे देंगे। लड़का 13 फरवरी की शाम को लड़की के पास फोन कर फांसी लगाने की बात बताई। इधर लड़की किसी को कुछ नहीं बताई और सदमें में घर से कुछ दूरी पर जाकर सखुआ पेड़ के फंदे से झुलकर जान दे दी। घटना की जानकारी के बाद मृतकों के घर पहुंचे जिप सदस्य संग्राम सिंह ने शोक–संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। संग्राम सिंह ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए गहरी संवेदना व्यक्त किया। कहा कि आजकल इस तरह की घटना समाज को धूमिल कर रही है। अभिभावकों को सतर्क रहने की जरूरत है, ताकि बच्चें नादानी में कोई गलत कदम ना उठा लें, जिससे समाज–परिवार की छवि धूमिल हो। थाना प्रभारी लालजी ने पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### धूप छांव से तापमान में होगा उतार चढ़ाव

**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य में 19 फरवरी तक धूप–छांव से तापमान में उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। वहीं रविवार को सुबह में रांची और आसपास के इलाकों में आसमान साफ रहा, जबकि बाद में आंशिक रूप से बादल छाया रहा। मौसम विभाग ने 20 फरवरी से राज्य के कई जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। बारिश होने से तापमान में कमी होने की संभावना है। रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री, जमशेदपुर में 32.2और 13 डिग्री, डालटेनगंज में 32.9 और 12.0 डिग्री, बोकारो 32.1 और 11.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# आंदोलनकारियों के संघर्ष का परिणाम है झारखंड अलग राज्य : अविनाश

**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** झामुमों नेता व संत मरियम के चेयरमैन अविनाश देव ने झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के पलामू जिला कमेटी के नेताओं को चंदन रोली लगा, आरती उतार व पुष्पवर्षा कर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद हरी झंडी दिखाकर क्रांति की राह में रांची के लिये रवाना किया। आंदोलनकारी सरकार से अपनी मांगों को




लेकर जा रहे हैं। मौके पर अविनाश देव ने कहा कि आज झारखंड का जो उन्मुक्त फिजा दिख रहा है वह मरांग गोमके, दिशोम गुरु और सभी जांबाज साथियों की बदौलत है। इन्हीं में से एक क्रांतिकारी योद्धा थे स्वर्गीय सुदामा पंडित, जो मृत्युपर्यन्त झारखंड अलग राज्य के लिये लड़ते रहे। उन्होंने सूरज मंडल के विशेष सानिध्य में रहकर हमेशा आंदोलन किया। अंततोगत्वा झारखंड राज्य के रूप में जीत हासिल हुई। आज सभी आंदोलनकारियों ने स्वर्गीय सुदामा पंडित की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलित कर व माला अर्पित कर उनका नमन किया। सरकार से आग्रह है कि इन्हें उचित सम्मान दिया जाय। कोई खैरात नहीं मांग रहे हैं। बड़ी मेहरबानी होगी। उन्होंने रांची रवाना होने वाले सतीश कुमार, गणेश रवि, बालकिशुन उरांव, विकेश पांडेय, प्रदीप सिंह, दाऊद केरकेट्टा, विलांगना किंडो, सुलेमान अंसारी का शुक्रिया अदा किया।

## चैनपुर कस्तूरबा बालिका विद्यालय पहुंचे डीसी

# चौपाल के जरिये बच्चियों का जाना हाल

**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** डीसी शशि रंजन शनिवार शाम अचानक चैनपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की बच्चियों संग चौपाल के जरिये हाल जाना और आगामी परीक्षाओं को लेकर कई जरूरी टिप्स दिये। कई बच्चियों से संवाद स्थापित कर पढ़ाई में आ रही कठिनाईयों से अवगत होते हुये तथा इन कठिनाईयों से कैसे पार पाना है इसके गुर



बताये। उन्होंने छात्राओं से स्पष्ट रूप से कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिये मेहनत तो अत्यंत आवश्यक है और मेहनत का दूसरा कोई शार्टकट नहीं होता। उन्होंने भविष्य में विषय चयन, अपना गोल सेट करने, इंटरेस्ट के अनुसार स्ट्रीम चुनने आदि विषयों पर मार्गदर्शन किया। डीसी ने वार्डन से विद्यालय के संपूर्ण व्यवस्था की भी जानकारी ली तथा मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्राओं से विशेष संवाद किया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ अनिल ने उक्त छात्राओं को मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम पास करने से संबंधित कई टिप्स दिये। इसके अलावे मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन व सदर एसडीएम सुलोचना मीणा द्वारा भी बच्चियों का करियर काउंसलिंग किया गया। बच्चियों संग संवाद के पश्चात सभी पदाधिकारियों ने विद्यालय में रात्रि भोज का भी आनंद लिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, वार्डन समेत अन्य उपस्थित थे।

# पलामू टाइगर रिजर्व में हाथी की मौत

**लातेहार।** पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत गारू पश्चिमी वन क्षेत्र में एक जंगली हाथी की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद रविवार को वन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि हाथी के पोस्टमार्टम होने के बाद ही मौत का कारण पता चल पाएगा। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को वन विभाग को सूचना मिली कि वन क्षेत्र के बीसी 10 में एक हाथी की मौत हो गई है। सूचना के बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। बाद में डिप्टी डायरेक्टर



कुमार आशीष के निर्देश पर मृतक हाथी के पोस्टमार्टम के लिए चिकित्सकों की टीम के साथ वन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। बताया जाता है कि हाथी की मौत बीती रात ही हो गई है। घटनास्थल पर कुछ खून के छीटें भी मिले हैं। इधर इस संबंध में डिप्टी डायरेक्टर कुमार आशीष ने बताया कि संभावना जताई जा रही है कि हाथियों के आपसी संघर्ष में यह घटना हुई होगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल वन विभाग पूरे मामले की छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।



# प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप सब्जी मंडी से परेशान हैं प्रखंडवासी

**बंशीधर न्यूज**

**भवनाथपुर :** प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप सब्जी मंडी लगने से आय दिन सड़क पर जाम की स्थिति रहती है। खासकर साप्ताहिक बाजार रविवार और बुधवार को ज्यादा जाम रहता है, जिससे प्रखंड वासी परेशान हैं। इससे सड़क सिकुड़ कर सकरी रह जाती है। यहां से निकलने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी डीएवी विद्यालय एवं शिशु सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय की बसे जाम में फंस जाती है। पैदल चल कर विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राएं भी परेशान हो जाते हैं। राहगीर इन सड़कों से निकलने के दौरान घायल भी हो जाते हैं। इस समस्या को देखते हुये कई बार प्रशासन ने पुराने सब्जी मंडी में लगाये जाने के लिये आदेश दिया था। इसके बाद भी उनके आदेशों का किसी भी सब्जी बेचने वालो ने पालन नहीं किया और अपनी मनमर्जी से सड़क किनारे सब्जी बाजार लगा रहे हैं। मुख्य बाजार में सड़क के दोनों तरफ सब्जी की दुकानें लगने से जहां एक ओर सुबह-शाम सब्जी खरीदने वाले लोगों की भीड़ के कारण सड़क पर जाम की समस्या से यातायात बाधित होता है। वहीं सड़क से निकलने वाले भारी वाहनों के कारण दुर्घटना का भय बना रहता है। सब्जी मंडी से हो रहे परेशानी को देखते हुये प्रशासन ने पुरानी सब्जी मंडी में सब्जी मंडी शिफ्ट कराने का आदेश दिया था। लेकिन जगह चयनित होने के बावजूद मंडी में सब्जी की दुकानें नहीं लगाते हुये सब्जी दुकानदार मुख्य सड़क पर अपनी दुकानें लगा रहे हैं। इससे सड़कों पर सुबह से लेकर शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है।

## न्यूज अपडेट्स

### कुंभ श्रद्धालुओं की स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

**मेदिनीनगर :** कुंभ स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की स्कॉर्पियो चैनपुर थाना क्षेत्र के तालापारा में एक पुलिया की रेलिंग से टकरा गई। इस हादसे में रांची के मोरहाबादी निवासी शशांक शेखर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में अजय शर्मा (45), आशा देवी (50), प्रकाश कुमार (25) व निशा भारती (35) शामिल हैं। सभी घायलों को पहले मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिये रांची रेफर कर दिया। थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि तीन दिन पहले ये सभी श्रद्धालु स्कॉर्पियो से प्रयागराज गये थे। रविवार को वापसी के दौरान तेज रफ्तार के कारण उनकी गाड़ी एक छोटी पुलिया की रेलिंग से टकरा गई।

### कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राज्यपाल सह कुलाधिपति के नाम एनपीयू में कुलपति सहित विभिन्न प्रशासनिक पदों पर अविलंब नियुक्ति का आग्रह पत्र विवि के कुलसचिव डॉ शैलेश मिश्र को सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुये अभाविप के प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा ने कहा कि कुलपति नियुक्ति नहीं होने से विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियां चरमरा गई है। वहीं प्रशासनिक कार्य भी बाधित है। विवि संयोजक मंजुल शुक्ल ने कहा कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधि बाधित हो गई है। विद्यार्थी माइग्रेशन एवं डिग्री प्रमाण पत्र के लिये भटक रहे हैं। कुलपति नियुक्ति के साथ एनपीयू में स्थाई परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति होना जरूरी है, ताकि परीक्षा विभाग का कार्य सुचारू रूप से चल सके। परीक्षा विभाग की कार्य प्रणाली में सुधार की जरूरत है।

**शुभारंभ** पहली बार कोयला उत्खनन का शुरू हो रहा कार्य : सांसद

# रोजगार के बढ़ेंगे अवसर : किशोर

### फेयर मांइन एक बाछी के रूप में, आगे चलकर गाय के रूप में दुध की बौछार करेगी : एमडी

**बंशीधर न्यूज**



**मेदिनीनगर :** पड़वा प्रखंड में फेयर माइन कार्बन प्राईवेट लिमिटेड की ओर से खोले जा रहे कॉल माइंस का वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, पलामू सांसद वीडी राम व फेयर माइन के एमडी समीर लोहिया ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर उद्घाटन किया। वित्त मंत्री ने कहा कि कॉल माइंस के खुलने से सबसे पहले तो राज्य के राजस्व की वृद्धि होगी। साथ ही रोजगार के कई अवसर भी प्राप्त होंगे। कोल माइंस खुलने से विकास के क्षेत्र में पलामू सहित राज्य में मिल का पत्थर साबित होगा। हम चाहते हैं कि पाटन क्षेत्र माइंस के क्षेत्र में दूसरा धनबाद बने। सांसद वीडी राम ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि पलामू संसदीय क्षेत्र में मेरे कार्यकाल में पहली बार कोयला उत्खनन का कार्य शुरू होने जा रहा है। भारत सरकार की नीति रही है कि कमर्शियल माइंस के लिये भी लोगों को ब्लॉक दिया जा रहा है। यह माइंस 116 हेक्टेयर में है। यहां का कोयला जी व एच क्वालिटी का है, जो काफी अच्छा माना जाता है। उन्होंने वित्त मंत्री से मांग किया कि पलामू में जितने भी बंद पड़े माइंस हैं उसे खोला जाना चाहिये। जिससे राज्य की वित्तीय स्थिति भी ठीक होगी। वहीं जो लोग यहां से पलायन कर रहे हैं वह पलायन भी रुकेगा। फेयर माइन के एमडी समीर लोहिया ने कहा कि फेयर माइन एक बाछी के रूप में अभी है। जो आगे चलकर गाय के रूप में दूध की बौछार करेगी। माइंस को खोलने के लिये केंद्र सरकार ने लिखित रूप से लिया था कि सितंबर 2025 तक हर हाल में माइंस खुल जाना चाहिये। लेकिन प्रयास कर-के इसे 10 महीना पहले ही खोला जा रहा है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। फेयर माइन को भारत सरकार ने दिया है। इसमें राज्य सरकार के द्वारा भी काफी सहयोग किया गया है। फेयर माइन जैसे-जैसे वित्तीय रूप से मजबूत होगी। वैसे यहां पर मेडिकल व शिक्षा के क्षेत्र में यहां स्थानीय लोगों पर पूरा ध्यान दिया जायेगा। कहा कि हम लोग यहां पर ईमानदार नियत लेकर आये हैं। उस पर हम लोग खरा उतरने की कोशिश करेंगे। मौके पर कार्यक्रम में फेयरमाइन कार्बन्स प्राईवेट लिमिटेड के डायरेक्टर मयंक आर्य, डीजीएम यशवंत कुमार, निदेशक राजीव शेखर, राजीव सिंह, डिप्टी मैनेजर अशोक मिश्रा, प्रणव द्विवेदी, एचआर विजयकांत झा, शशांक सिंह, अंशु वर्मा, प्रमुख गीता देवी, राजन मेहता, अरुण सिंह, विजय ओझा, ईश्वरी पांडेय, भोला पांडेय, राज कमल तिवारी, कुमार हर्ष, मयंक, सुरेश जैन, सुमित जैन, हर्ष, नितिन अग्रवाल, जनेश्वर तिवारी, श्रीकान्त तिवारी, बालक मेहता समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# हत्या आरोपित पति, सास, ससुर व भसुर भेजे गये जेल

### पुलिस कस्टडी में मृत महिला चंचला के पति ने दी मुखाग्नि

**बंशीधर न्यूज**



**मेराल :** मेराल थाना क्षेत्र के अकलवानी गांव में 14 फरवरी की रात्रि विवाहिता की हुई संदेहास्पद मौत के कथित चार आरोपितों को रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी विष्णु कांत के अनुसार शनिवार की देर शाम हत्या आरोपित विवेक मिश्रा द्वारा पुलिस कस्टडी में मृत महिला चंचला का अंतिम संस्कार गांव के मुक्ति घाट पर कराया गया। जेल भेजे जाने वालों में मृत महिला चंचला का पति विवेक मिश्रा, ससुर सतीश मिश्रा, सास आरती देवी, भसुर राजू मिश्रा शामिल हैं। विदित हो कि गुरुवार की देर रात्रि चंचला देवी की संदेहास्पद मौत हो गई थी, जिसको लेकर उसके भाई मुकेश चोबे द्वारा जेल भेजे गये चार लोगों सहित सात लोगों पर दहेज के लिये हत्या करने का आरोप लगाते हुये प्राथमिकी दर्ज कराया गया था।

## जायंट्स ग्रुप ऑफ श्री बंशीधर नगर का हुआ पदस्थापना



**श्री बंशीधर नगर :** जायंट्स ग्रुप ऑफ श्री बंशीधर नगर का पदस्थापना फेडरेशन अध्यक्ष दीपक शर्मा की उपस्थिति में अलका मैरेज गार्डेन परिसर में सम्पन्न हुआ। जिसमें रंजन कुमार अध्यक्ष सहित डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, सुजीत कुमार अग्रवाल, प्रमोद कुमार, विनोद कांस्यकार, प्रमोद कुमार, हीरालाल ने निदेशक मंडल की शपथ ली। उस अवसर पर फेडरेशन अध्यक्ष दीपक शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि श्री बंशीधर नगर का ग्रुप बहुत शक्तिशाली है। बहुत कार्य करने की शक्ति रखता है उसको कार्यरूप देने कि आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में सेंट्रल कमेटी सदस्य विनोद कपूर, फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। धन्यवाद ज्ञापन सुजीत अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में कई लोग मौजूद थे।

## पत्रकार आशुतोष रंजन के निधन पर शोक सभा



**सगमा :** पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा की असामयिक निधन पर प्रखंड अंतर्गत सगमा पंचायत सचिवालय में रविवार को शोक सभा का आयोजन किया गाया। शोक सभा का आयोजन प्रिंट मिडिया पत्रकार विपुल दूबे की अध्यक्षता में किया गाया। जिसमें श्रीकांत चौबे, सुनिल कुमार, श्यामबच्चन यादव, इद्रीश अंसारी, पिंटू मिश्रा, रामानन्द प्रजापति, अकलेश कुमार आदि लोगों ने मृतक की आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा को संबोधित करते हुये उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उप मुखिया मंगलेश कुमार यादव ने कहा कि पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा की असामयिक निधन हो जाने से पत्रकारिता की जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। आशुतोष का असामयिक निधन अत्यंत दुःखद और हृदयविदारक है। वे एक मिलनसार, हंसमुखी तथा सुलझे हुये पत्रकार थे। पत्रकारिता जगत और समाज के लिये एक अपूर्णीय क्षति हुई है। मौके पर मुखिया तेजलाल राम, उप मुखिया मंगलेश कुमार यादव, राजेश यादव, रंजन यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

**विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने आयोजकों व गणमान्य लोगों के साथ विनर व रनर टीम को शील्ड व इनाम की राशि प्रदान कर किया सम्मानित**

# रेहला भवानी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाईनल मैच में प्रतापपुर की टीम ने जमाया कब्जा

**बंशीधर न्यूज**




**विश्रामपुर :** विश्रामपुर नगर परिषद के प्रमुख कस्बा रेहला स्थित जेबी हाईस्कूल के मैदान पर रविवार को भवानी सिंह मेमोरियल अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाईनल मैच में प्रतापपुर की तौसिफ 11 टीम ने यूथ क्लब डंडिला को एक विकेट से हराकर चैंपियन बन गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने आयोजकों व गणमान्य लोगों के साथ विनर व रनर टीम को शील्ड व इनाम की राशि प्रदान कर सम्मानित किया। विधायक श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि खेल में जीत हार कोई मायने नहीं रखता है। दोनों टीम के खिलाड़ी हमारे हैं। मैदान में जुटी भीड़ यह बताने के लिये काफी है कि रेहला में क्रिकेट को लोग अलग महत्व देते हैं। इसके लिये उन्होंने आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब तक उनके जीवन में कोई इच्छा बाकी नहीं है। इसलिये वे पहले की जनप्रतिनिधियों से कुछ अलग करना चाहते हैं। रेहला में पानी की भारी किल्लत है। उन्होंने रेहला व विश्रामपुर को दो महीने के भीतर निर्बाध गति से पेयजल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा विश्रामपुर में करीब दो सौ चैकडेम अधूरा है। सभी को पूरा कराने का प्रयास करेंगे। ताकि जल संचय से जलस्तर में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि कोई विधायक अभी तक यहां के लोगों को पेयजल की व्यवस्था नहीं किया। वे अपने निजी खर्चों पर जहां जरूरत है उन्हें चापानल देने का कार्य करेंगे। पूर्व जिला पार्षद फिरोज खान ने कहा कि नरेश सिंह पहला विधायक हैं जो खेल ही नहीं सभी क्षेत्र में अभूतपूर्व काम कर रहे हैं जिसका लाभ लोगों को दिखने लगा है। डंडिला की टीम 207 रन का स्कोर खड़ा किया था। जबकि जबाबी पारी खलने उतरी प्रतापपुर की टीम ने लक्ष्य को पूरा करते हुये एक विकेट से शील्ड पर कब्जा जमा लिया। मैन ऑफ द मैच का खिताब रुद्र कुमार को मिला। वहीं मैन ऑफ द सीरीज का खिताब सुदीप कुमार को दिया गया। विधायक ने विनर को 66 हजार नकद व शील्ड वहीं रनर टीम को 25 हजार नकद व शील्ड प्रदान किया। मौके पर समाजसेवी रंजित सिंह, डॉ वीपी शुक्ला, कुमार कालिका सिंह, शिव सिंह, रविशंकर चौबे, चंद्रमणि दीक्षित, संजू सिंह, विकाश सिंह, संतोष गुप्ता, रिंकू सिंह, रौशन सिंह, पप्पू सिंह, थाना प्रभारी दीप नारायण, हरिनाथ चंद्रवंशी, दिनेश शुक्ला, नजमुद्दीन अंसारी, प्राचार्य अनिल सिंह, आलोक शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' ने तोड़े रिकॉर्ड

फिल्म 'छावा' 14 फरवरी को स्क्रीन पर आई और रिलीज के बाद से बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बना लिया है। विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना अभिनीत फिल्म 'छावा' को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। सुबह के शो भी हाउसफुल रहे हैं। विक्की ने भी दर्शकों से मिले प्यार के लिए आभार व्यक्त करते हुए एक पोस्ट शेयर किया। फिल्म के पहले दो दिनों कमाई अकड़े सामने आ गए है। मैडॉक फिल्म्स ने एक आधिकारिक पोस्ट शेयर कर बताया है कि फिल्म 'छावा' ने पहले दिन 33.1 करोड़ रुपये की कमाई की है। वैलेंटाइन डे पर फिल्म को अच्छी प्रतिक्रिया मिली। इस साल लोग वैलेंटाइन डे के बजाय 'छावा दिवस' मनाने के लिए सिनेमाघरों में जाते देखे गए। इससे 'छावा' 14 फरवरी को सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पहली फिल्म बन गई है। इससे पहले रणवीर-आलिया की 'गली बॉय' ने वैलेंटाइन डे पर 19.40 करोड़ रुपये कमाए थे। यह रिकॉर्ड 'छावा' ने तोड़ दिया है। फिल्म समीक्षकों ने पहले ही अनुमान लगा लिया था कि शनिवार को फिल्म को बेहतर प्रतिक्रिया मिलेगी। सैनिलक की रिपोर्ट के अनुसार, 'छावा' ने शनिवार को 36.5 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की है। इसके चलते फिल्म का कुल कलेक्शन 69 करोड़ पहुंच गया है। 'छावा' जल्द ही 100 करोड़ क्लब में शामिल हो जाएगी। विक्की के लिए 'छावा' उनकी अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग वाली फिल्म बन गई है।

## आईफा अवार्ड्स में रहेगा शाहिद कपूर का अविस्मरणीय प्रदर्शन




जयपुर। राजधानी जयपुर में सीतापुरा स्थित जेईसीसी में आठ मार्च से शुरू होने जा रहे आईफा के सिल्वर जुबली संस्करण का हिस्सा बनने और आईफा अवार्ड्स 2025 में प्रदर्शन करने के बारे में शाहिद कपूर ने अपनी खुशी साझा की। उन्होंने कहा कि आईफा हमेशा मेरी यात्रा का एक खास हिस्सा रहा है। जिसने मुझे मेरे करियर के कुछ अविस्मरणीय पल दिए हैं। आईफा के फैंस का प्यार, ऊर्जा और जोश अद्वितीय है और जब भी मैं उस मंच पर कदम रखता हूं। ऐसा लगता है जैसे मैं अपने घर लौट रहा हूं। जहां दुनियाभर से सिनेमा को दिल से मनाने वाला एक परिवार मिल जाता है। इस साल और भी खास है क्योंकि हम आईफा के ऐतिहासिक सिल्वर जुबली संस्करण का जश्न मना रहे हैं और वह भी जयपुर की अद्भुत ह्यपिंक सिटीह्र में। राजस्थान की भव्यता, संस्कृति और जादू, भारतीय सिनेमा के इस उत्सव के लिए एकदम सही बैकड्रॉप प्रदान करती है। वह आईफा 2025 में प्रदर्शन करने के लिए बेहद उत्साहित है। नए यादगार पल बनाने के लिए और दुनियाभर के फैन्स के साथ इस अद्वितीय अनुभव को साझा करने के लिए। तैयार हो जाइए, क्योंकि यह उत्सव पहले कभी नहीं हुआ जैसा होने वाला है।

### महाकुम्भ में माघी पूर्णिमा के चौथे दिन मेला क्षेत्र में आता श्रद्धालुओं का हुजूम



# भारत को विकसित बनाने में कपड़ा क्षेत्र का भी होगा बड़ा योगदान : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में सदियों से कपड़ा उद्योग की बड़ी भूमिका रही है। वर्तमान में भारत को विकसित बनाने में भी कपड़ा क्षेत्र का बड़ा योगदान रहने वाला है। भारत टेक्स जैसे आयोजन इस क्षेत्र में भारत की स्थिति को मजबूत बना रहे हैं।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत टेक्स-2025 कार्यक्रम को संबोधित कर थे। वैश्विक स्तर का आयोजन 14 से शुरू हुआ था और 17 फरवरी तक चलेगा। भारत टेक्स में 120 से अधिक देश भाग ले रहे हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया का छठा सबसे बड़ा कपड़ा और परिधान निर्यातक देश है। भारत का निर्यात 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। अब हमारा लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक हम इसे 9 लाख करोड़ रुपये तक लेकर जाएं। भारत के कपड़ा क्षेत्र की समस्याओं का समाधान और संभावनाओं का सृजन हमारा संकल्प है। इसके लिए हम दूरदर्शी और लम्बे कालखंड के नवाचार पर काम कर रहे हैं।
उन्होंने कहा कि अगले कुछ वर्षों में भारत की कपड़ा रिसाइक्लिंग बाजार 40 करोड़ डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। वैश्विक रिसाइक्लिंग बाजार करीब 7.5 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। अगर हम सही दिशा में आगे बढ़ें, तो भारत इसमें और बड़ा शेयर हासिल कर सकता है। इस सफलता के पीछे पूरे एक दशक की मेहनत और निरंतर नीति को श्रेय देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में हमारे कपड़ा क्षेत्र में विदेशी निवेश दोगुना हुआ है। कपड़ा देश में सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर देने वाली उद्योगों में से एक है। भारत की उत्पादकता में क्षेत्र 11 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। इस बार बजट में भी हमने मिशन मैन्युफेक्चरिंग पर बल दिया है। क्षेत्र में निवेश और विकास का लाभ करोड़ों कपड़ा क्षेत्र के कामगारों को मिल रहा है।
मोदी ने कहा कि भारत टेक्स अब एक मेगा ग्लोबल टेक्सटाइल इवेंट बन रहा है। इस आयोजन से कपड़ा क्षेत्र सेक्टर में निवेश, निर्यात और क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास को जबरदस्त बढ़ावा मिल रहा है। भारत टेक्स विश्व स्तर पर नीति निमार्ताओं, सीईओ और उद्योग के नेताओं के बीच सगाई, सहयोग और साझेदारी के लिए एक मजबूत मंच बन रहा है। मोदी ने कहा कि पिछले साल उन्होंने कपड़ा उद्योग में फार्म, फाइबर, फैबरिक, फैशन और फॉरेन जैसे 5एफ फैक्टर्स की बात की थी। ये विजन अब भारत के लिए एक मिशन बनता जा रहा है। इससे किसान, बुनकर, डिजाइनर और व्यापारी के लिए ग्रोथ के नए रास्ते खोल रहा है।

## महाप्रबंधक हितेश मेहता 21 फरवरी तक पुलिस कस्टडी में



**मुंबई।** न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में हुए 122 करोड़ घोटाला मामले में पूर्व महाप्रबंधक हितेश मेहता को रविवार को कोर्ट ने 21 फरवरी तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। मेहता को शनिवार शाम को दहिसर स्थित उनके निवास से गिरफ्तार किया गया था। मुंबई पुलिस के आर्थिक अपराध शाखा ने मेहता पर 122 करोड़ की हेराफेरी करने के आरोप लगाया है। न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व महाप्रबंधक और लेखा प्रमुख हितेश मेहता के विरुद्ध मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को मामला दर्ज किया था। इसके बाद शनिवार को सुबह पुलिस ने दहिसर स्थित हितेश मेहता के घर पर छापा मारा और तलाशी ली थी। पुलिस ने हितेश मेहता से उनके घर पर पूछताछ करने की कोशिश की, लेकिन जांच में सहयोग न करने पर शाम को पुलिस ने मेहता को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने मेहता के साथी धर्मेस पौन को भी गिरफ्तार किया था। इन दोनों को पुलिस ने रविवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने हितेश मेहता और धर्मेश पौन को 21 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

### Hit लिस्ट

## पोप फ्रांसिस अस्वस्थ, अस्पताल ले जाया गया

**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस अस्वस्थ हैं। उन्हें वेटिकन सिटी के पॉलीक्लिनिको एगोस्टिनो जेमेली में भर्ती कराया गया



है। प्रारंभिक चिकित्सीय जांच में पुष्टि हुई कि बुखार पीड़ित पोप फ्रांसिस के श्वसन तंत्र में संक्रमण है। उनका इलाज शुरू कर दिया गया है। यह जानकारी वेटिकन ने दी। वेटिकन के अनुसार, 14 फरवरी को पोप फ्रांसिस के अस्पताल में भर्ती होने के बाद 15 फरवरी को जयंती समारोह रद्द कर दिया गया। 16 फरवरी को जयंती अवसर के पवित्र मास की अध्यक्षता संस्कृति और शिक्षा विभाग के प्रीफेक्ट कार्डिनल जोस टॉलेन्टिनो डी मेंडोंका करेंगे। सिनेसिटा में पोप फ्रांसिस के साथ 17 फरवरी को होने वाली कलाकारों की बैठक को भी रद्द कर दिया गया है। पहले वेटिकन ने बताया था कि ब्रोंकाइटिस के इलाज के लिए पोप को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## इजराइल की घोषणा, हमास आज तीन बंधकों को छोड़ेगा



**तेल अवीव।** इजराइल ने गाजा पट्टी में आज आतंकवादी समूह हमास के जरिये फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद की कैद से रिहा किए जाने वाले तीन बंधकों के नामों की घोषणा की। ये हैं- अमेरिकी-इजराइली सागुई डेकेल-चेन (बाएं), रूसी-इजराइली एलेक्जेंडर ट्रूफानोव (मध्य) और अर्जेंटीनाई इजराइली आयर हॉर्न (दाएं)। तीनों को सात अक्टूबर, 2023 को अगवा किया गया था। यह रिहाई पिछले महीने इजराइल और हमास के बीच हुए संघर्ष विराम और बंधकों की अदला-बदली समझौते के तहत होगी।

### पद्म भूषण से नवाजे जाने के बाद वरिष्ठ पत्रकार रामबहादुर राय के सम्मान में समारोह आयोजित, वक्ता बोले

# राम बहादुर राय का व्यक्तित्व वास्तव में ही अद्भुत है

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ पत्रकार एवं एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के अध्यक्ष राम बहादुर राय को भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से नवाज जाने के बाद वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सभागार में रविवार एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रभाष परंपरा न्यास तथा मेवाड़ शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने राम बहादुर राय के व्यक्तित्व बारे में अपने विचार व्यक्त किये। वक्ताओं ने कहा कि राम बहादुर राय कोई साधारण व्यक्तित्व नहीं है बल्कि ऐसे व्यक्तित्व के स्वामी हैं, जिसमें सहजता, सरलता और प्रखरता है। वह एक सुलझे हुए राजनीतिक और सामाजिक व्यक्तित्व के स्वामी हैं। उन्होंने कहा कि राय साहब का जो व्यक्तित्व है उसे शब्दों से परिभाषित नहीं किया जा सकता। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती



वंदना के साथ हुई। पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. महेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार एवं माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलपति रहे अच्युतानंद मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार बनवारी, मेवाड़ संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अशोक गदिया तथा निदेशक डॉ. अलका अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं भारत माता की प्रतिमा पर दीप जलाकर उद्घाटन किया। इस मौके पर अच्युतानंद मिश्र ने अपने संबोधन में राम बहादुर राय का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि राम बहादुर राय वह शख्सियत हैं जिनमें राजनीतिक व सामाजिकता की भरपूर खूबियां हैं। उन्होंने कहा कि श्री राय के बारे में कुछ कहना उनके व्यक्तित्व को छोटा करने जैसा है। भारत सरकार ने उन्हें जो पद्मभूषण से सम्मानित किया है। उनका व्यक्तित्व उससे कहीं बड़ा है। लेकिन हम लोगों को इस पर बेहद खुशी है और यह कार्यक्रम भी सम्मान समारोह नहीं बल्कि इस खुशी के अवसर पर एक तरह का गेट टू गेदर कार्यक्रम है। पूर्व सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि राम बहादुर राय के व्यक्तित्व को अलग तरीके से परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि रामबहादुर राय का व्यक्तिव वास्तव में ही अद्भुत है। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में राय साहब कबीरदास नजर आते हैं, प्रखरता के मामले में तुलसीदास के रूप में दिखते हैं। जहां तक भक्ति की बात है तो यदि राय साहब में भक्ति नहीं है तो आज की दुनिया में आपको भक्त खोजे नहीं मिलेगा। बनवारी ने कहा कि राय साहब के व्यक्तित्व में जो सहजता और सरलता है वह हर किसी मे नहीं होती। कार्यक्रम में डॉ. गदिया ने भी रामबहादुर राय के बारे में अपने विचार रखे। पद्मभूषण रामबहादुर राय ने बहुत ही संक्षिप्त उद्बोधन में आयोजकों व अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मेवाड़ की निदेशक डॉक्टर अलका अग्रवाल ने सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्रा ने किया।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)